# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 16 राजा राममोहन राय (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

**प्रश्न 1.**
राजा राममोहन राय ने तिब्बत में किसका अधयमन किया?
**उत्तर :**
राजा राममोहन राय ने तिब्बत में बौद्ध धर्म का अध्ययन किया।

**प्रश्न 2.**
"आत्मीय सभा" में किस विचार धारा के लोग थे ? इसका प्रमुख उद्देश्य क्या था? ,
**उत्तर :**
'आत्मीय सभा' में उदारवादी दृष्टिकोण के लोग थे। इसका मुख्य उद्देश्य 'एक ईश्वर' का प्रचार करना था।

**प्रश्न 3.**
"वेदान्त कॉलेज" की स्थापना किसने की ? इसमें किन-किन विषयों की शिक्षा : दी जाती थी?
**उत्तर :**
'वेदान्त कालेज' की स्थापना सन् 1825 ई० में हुई। इसमें भारतीय विद्या के अलावा सामाजिक और भौतिक विज्ञान की शिक्षा भी दी जाती थी।

**प्रश्न 4.**
राम मोहन राय के समाज सुधार संबंधी कार्यों को लिखिए।
**उत्तर :**
राजा राममोहन राय ने समाज सुधार संबंधी अनेक कार्य किए। उनके प्रयास से सती प्रथा पर रोक लगी तथा बाल विवाह के संबंध में लोगों को जागरुक किया। इन्होंने अंधविश्वास के विरुद्ध भी बहुत सारे कार्य किए।

**प्रश्न 5.**
कॉलम 'अ' और कॉलम 'ब' के वाक्यांशों को मिलाकर सही वाक्य बनाइए। (सही वाक्य बनाकर)

**'अ'** **'ब'**
• राजा राममोहन राय का जन्म – 22 मई, 1772 ई० को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के राधानगर गाँव में हुआ था। पारिवारिक जीवन के निर्वाह के लिए उन्होंने – ईस्ट इण्डिया कम्पनी में क्लर्क की नौकरी कर ली।
• ईश्वर एक है की अवधारणा को स्पष्ट – 'ब्रहम सभा' की स्थापना की। करने के लिए
• 'संवाद कौमुदी' बंगला साप्ताहिक पत्र – सन् 1821 में प्रकाशित किया।

**प्रश्न 6.**
सत्य कथन के सामने सही **(✓)** तथा असत्य कथन के सामने गलत **(✗)** को निशान लगाइए। (सही-गलत का निशान लगाकर)

https://www.evidyarthi.in/

- राजा राममोहन राय की माता विदुषी महिला थीं। **(✓)**
- राजा राममोहन राय ने सभी कार्य आजादी के लिए किए। **(✗)**
- मुगल सम्राट ने राममोहन राय को 'राजा' की उपाधि दी। **(✓)**
- ब्रह्मसभा को नाम बदलकर ब्रह्मसमाज कर दिया गया। **(✓)**

**प्रश्न 7.**
रिक्त स्था की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके)

- काशी में राममोहन राय ने संस्कृत का भी अध्ययन किया।
- ब्रहमसभा का नाम बदलकर ब्रह्मसमाज कर दिया गया।
- राजा राममोहन राय का कहना था कि मैं केवल अन्धविश्वास की आलोचना करता हूँ, न कि धर्म की।

https://www.evidyarthi.in/